श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 109, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 25 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# उत्तर प्रदेश में नौ हजार करोड़ का निवेश करेंगी 28 विदेशी कंपनियां, लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार

**कोरोना काल में देशी-विदेशी 57 कंपनियों ने 46 हजार 501 करोड़ रुपये के निवेश के लिए प्रदेश सरकार से करार किया है। इन कंपनियों में उत्पादन शुरू होने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कोरोना काल में जब वैश्विक स्तर पर मंदी के बादल घने होते जा रहे थे, उस दौर में भी उत्तर प्रदेश बेहतर निवेश और कारोबार के केंद्र के रूप में उम्मीद की किरण बनकर उभरा। यह योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि है कि औद्योगिकीकरण की ओर कदम बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश ने विदेशी कंपनियों को खास तौर पर आकर्षित किया है। सिर्फ कोरोना काल में ही 28 विदेशी कंपनियों ने लगभग नौ हजार करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए करार किया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, कोरोना काल में देशी-विदेशी 57 कंपनियों ने 46 हजार 501 करोड़ रुपये के निवेश के लिए प्रदेश सरकार से करार किया है। इन कंपनियों में उत्पादन शुरू होने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इनमें 28 विदेशी कंपनियों ने 9357 करोड़ रुपये के निवेश के लिए करार किया है। एक जूता बनाने वाली कंपनी ऐसी है, जो चीन से शिफ्ट होकर भारत आई है और तीन सौ करोड़ रुपये के निवेश से आगरा में उत्पादन शुरू किया है। इसके अलावा 37 हजार 144 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए घरेलू 29 कंपनियों ने करार किया है।

योगी ने दिए दो माह में जमीन पर कब्जा दिलाने के निर्देश : कोरोना काल में उद्यमियों को 850 प्लॉट आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर 28 में 350 एकड़ में डेडिकेटेड मेडिकल डिवाइस पार्क प्रस्तावित है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू किया गया है। मुख्यमंत्री ने दो माह के अंदर सभी उद्यमियों को भौतिक रूप से कब्जा दिलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि जल्द से जल्द प्रोजेक्ट धरातल पर उत्पादन शुरू कर सकें। इससे पहले श्रम कानून सहित निवेश आकर्षित करने को कई नीतियों में संशोधन भी किया है।

**ये हैं निवेश करने वाली विदेशी कंपनियां**

- कनाडा की दो कंपनियां : 1746 करोड़ रुपये
- जर्मनी की चार कंपनियां : 300 करोड़ रुपये
- हांगकांग की एक कंपनी : 1000 करोड़ रुपये
- जापान की सात कंपनियां : 2000 करोड़ रुपये
- सिंगापुर की दो कंपनियां : 1600 करोड़ रुपये
- यूके की तीन कंपनियां : 1375 करोड़ रुपये
- यूएसए की पांच कंपनियां : 309 करोड़ रुपये
- कोरिया की चार कंपनियां : 928 करोड़ रुपये

# यूपी में झूठ बोलकर धर्म परिवर्तन कराने पर अब दस साल तक की सजा

**लव जिहाद और धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कदम उठाया है।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कदम उठाया है। मंगलवार को यूपी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020 को मंजूरी दे दी है। इस कानून के लागू होने के बाद छल-कपट व जबरन धर्मांतरण के मामलों में एक से दस वर्ष तक की सजा का प्रवधान होगा। यूपी कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर हुई। सीएम योगी की अध्यक्षता में कुल 21 प्रस्तावों पर मुहर लगी, जिनमें सर्वाधिक चर्चित और प्रतीक्षित धर्मांतरण विरोधी अध्यादेश को भी स्वीकृति दे दी गई। जबरन धर्मांतरण को लेकर तैयार किए गए मसौदे में इन मामलों में दो से सात साल तक की सजा का प्रस्ताव किया गया था, जिसे सरकार ने और कठोर करने का निर्णय किया है। आइए जानते हैं इस अध्यादेश के मुख्य बिंदु.... जबरन धर्मांतरण को उत्तर प्रदेश सरकार ने और कठोर करने का निर्णय किया है।

- सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में भी तीन से 10 वर्ष तक की सजा होगी।
- जबरन या कोई प्रलोभन देकर किसी का धर्म परिवर्तन कराया जाना अपराध माना जाएगा।
- विवाह के जरिये एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन भी कठोर अपराध की श्रेणी में होगा। यह अपराध गैरजमानती होगा।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामलों में शामिल संबंधित सामाजिक संगठनों का पंजीकरण निरस्त कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।
- अध्यादेश के उल्लंघन की दोषी किसी संस्था अथवा संगठन के विरुद्ध भी सजा का प्रविधान होगा।
- जबरन धर्म परिवर्तन के मामलों में साक्ष्य देने का भार भी आरोपित पर होगा। यानी कपटपूर्वक, जबरदस्ती या विवाह के लिए किसी का धर्म परिवर्तन किए जाने के मामलों में आरोपित को ही साबित करना होगा कि ऐसा नहीं हुआ।
- यह अपराध संज्ञेय अपराध की श्रेणी में होगा और गैर जमानती होगा। अभियोग का विचारण प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में होगा।
- यदि किसी लड़की का धर्म परिवर्तन एकमात्र विवाह के प्रयोजन लिए किया गया तो विवाह शून्य घोषित किया जा सकेगा।
- उत्तर प्रदेश में अब धर्मांतरण के इच्छुक होने पर तय प्रारूप में डीएम के समक्ष दो माह पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। इसके उल्लंघन पर छह माह से तीन वर्ष तक की सजा तथा कम से कम 10 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान होगा।
- एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए तय प्राधिकारी के समक्ष यह घोषणा करनी होगी कि धर्म परिवर्तन किसी छल-कपट के तहत, जबरन, बलपूर्वक, कोई प्रलोभन देकर अथवा कपटपूर्ण रीति से विवाह द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए नहीं है।
- अध्यादेश में कहा गया है कि ऐसे धर्म परिवर्तन को अपराध की श्रेणी में रखा गया है, जो मिथ्या, निरूपण, बलपूर्वक, असम्यक, प्रभाव, प्रपीड़ना, प्रलोभन या अन्य किसी कपट रीति से या विवाह द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए किया जाएगा।

**यह होगी सजा और जुर्माना**

- अध्यादेश में छल-कपट से, प्रलोभन देकर, बलपूर्वक या विवाह के लिए धर्म परिवर्तन के सामान्य मामले में कम से कम एक वर्ष तथा पांच वर्ष अधिकतम सजा। कम से कम 15 हजार रुपये तक जुर्माना।
- नाबालिग लड़की, अनुसूचित जाति-जनजाति की महिला का जबरन धर्म परिवर्तन कराने पर कम से कम तीन वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष तक कारावास। कम से कम 25 हजार रुपये जुमार्ना।
- सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामलों में कम से कम तीन वर्ष और अधिकतम 10 वर्ष तक की सजा और कम से कम 50 हजार रुपये जुर्माना।

# एस जयशंकर बोले, अफगान में ताजी हिंसा चिंताजनक, जल्द हो सीजफायर, मदद के लिए हमेशा तैयार है भारत

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में हालात कुछ अच्छे नहीं है। अमेरिकी सैनिकों की वापसी की संभावना तेज होने के साथ ही वहां तालिबान व अफगानिस्तानी सैनिकों के बीच कई शहरों में जंग जैसा माहौल है। भारत पूरे हालात पर पैनी नजर रखे हुए है। तनावग्रस्त हालात के बावजूद भारत ने ऐलान किया है कि अफगानिस्तान की जनता को मदद संबंधी उसकी जारी परियोजनाओं पर कोई असर नहीं होगा। मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की मदद से अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पेयजल की सबसे बड़ी परियोजना लगाने का ऐलान किया है। भारत अभी समूचे अफगास्तिान में 3 अरब डॉलर की लागत से 400 से ज्यादा परियोजनाओं में मदद कर रहा है।

सोमवार व मंगलवार को वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित अफगानिस्तान कांफ्रेंस 2020 में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने अरबों डॉलर की मदद और चाबहार पोर्ट के लिए भारत का धन्यवाद दिया। यह कांफ्रेंस अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में मदद देने वाली तमाम देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की तरफ से आयोजित की गई थी। इसमें जयशंकर ने अपने भाषण में कहा कि अफगानिस्तान में हाल ही में कई हिंसक घटनाओं पर चिंता जताई और जल्द जल्द से स्थाई व विस्तृत सीजफायर लागू करने का आग्रह किया ताकि पिछले दो दशकों में वहां अमन व शांति स्थापित करने की जो कोशिशें हुई हैं उसे नुकसान नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि काबुल सिटी के 20 लाख निवासियों को स्वच्छ पेयजल प्रदान करने के लिए शातूत डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए हाल ही में भारत व अफगानिस्तान के बीच समझौता किया गया है। भारत की मदद से काबुल में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 202 किलोमीटर लंबी फुल-ए-खुमरी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण पूरा कर लिया गया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की मदद से 80 करोड़ डॉलर की 100 ऐसी परियोजनाओं को मदद का भी ऐलान किया गया जो कई शहरों में स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे। अफगानिस्तान को पड़ोसी व रणनीतिक साझेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में इसके विकास में भारत पूरी मदद करने को तैयार है।

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष व शिया धर्म गुरु मौलाना डॉ कल्बे सादिक का निधन



**लखनऊ, जेएनएन।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष और शिया धर्मगुरु मौलाना डॉ. कल्बे सादिक का मंगलवार देर रात निधन हो गया। राजधानी स्थित एरा मेडिकल कालेज में 17 नवंबर से उनका इलाज चल रहा था। बेटे मौलाना कल्बे सिब्ते नूरी ने बताया कि डॉ. कल्बे सादिक को सांस लेने में परेशानी थी। रक्तचाप व ऑक्सीजन के स्तर में लगातार गिरावट होने पर उन्हें मंगलवार शाम को गहन चिकित्सा इकाई (आइसीयू) में शिफ्ट किया गया था। बुधवार दोपहर बाद चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरमाब में उन्हें सिपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने धर्म गुरु मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मौलाना कल्बे सादिक का जन्म 22 जून, 1939 को लखनऊ में हुआ था। वह पूरी दुनिया में अपनी उदारवादी छवि के लिए जाने जाते थे। उन्होंने शिक्षा के लिए बहुत कार्य किए। उनके निधन से राजधानी लखनऊ समेत पूरी दुनिया में शोक की लहर फैल गई है। मौलाना इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि उन्होंने धर्म व जाति से ऊपर उठकर समाज को इंसानियत का पाठ पढ़ाया।

मौलाना इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि उनका धर्म व जाति से ऊपर उठकर समाज इंसानियत का पाठ पढ़ाया। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त डॉ. सादिक शिक्षा और खासकर लड़कियों और निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा सक्रिय रहे। यूनिटी कॉलेज और एरा मेडिकल कालेज के संरक्षक भी थे।

छिपकर हिंदी पढ़ने जाया करते थे मौलाना : मौलाना कल्बे सादिक ने अपनी शुरूआती शिक्षा अंग्रेजी में हासिल की, लेकिन लालबाग में एक पंडित जी के पास वह हिंदी पढ़ने जाया करते थे। उस जमाने में उर्दू का ज्यादा चलन था। उस वक्त किसी ने उनको टोका भी कि हिंदी की क्या जरूरत है, क्यों पढ़ने जाते हो, तब भी वह बुजुर्गों से छिपकर हिंदी पढ़ने जाया करते थे।

बड़ी सरलता से यूं बात कहते कि दिल में उतर जाए : मौलाना कल्बे सादिक बड़े जाकिर (इमाम हुसैन की शहादत का हाल बयान करने वाला) भी थे। उन्हें जाकिर-ए-फातेह- ए-फुरात का लब्ज मिला था। वह बड़ी सरलता से बगैर चीखे अपनी बात यूं कहते कि बात दिल में उतर जाए। उनके सामईन (श्रोता) का दायरा जैसे-जैसे बढ़ता गया, उसी एतबार से उनकी तकरीर के मौजू (विषय) बदलते गए। उनके श्रोताओं में गैर शिया लोग भी हुआ करते थे। वह हमेशा इस बात का ख्याल रखते थे कि हम अपनी बात कहें।

# रौद्र रूप ले रहा 'निवार', बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ के 1,200 जवान तैनात, 52 उड़ानों को किया रद




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब से उत्पन्न 'निवार' चक्रवात रौद्र रूप ले रहा है। बुधवार शाम तक यह तमिलनाडु-पुडुचेरी के तट से टकरा सकता है और उस समय इसकी रफ्तार 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। इससे भारी तबाही की आशंका को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बचाव कार्य के लिए तमिलनाडु, पुडुचेरी तथा आंध्र प्रदेश में 1,200 जवान तैनात कर दिए हैं और 800 जवानों को रिजर्व में रखा है। बुधवार को तमिलनाडु के शिक्षण संस्?थानों में छुट्टी घोषित की गई है। चेन्?नई हवाई अड्डे ने बयान जारी कर कहा कि चक्रवात निवार के कारण चेन्नई हवाई अड्डे से और आने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। अब तक, चेन्नई हवाई अड्डे से तीन उड़ानें रद हो गईं। हवाई अड्डे ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है जहां एयरलाइंस, राज्य प्रशासन और मेट विभाग सुचारू संचालन के लिए समन्वय कर रहे हैं। निवार चक्रवात से पहले चेन्नई में मंगलवार को भारी बारिश हुई है। इस कारण कई इलाकों में जलजमाव देखेने का मिल रहा है।

इंडिगो विमान सेवा ने बयान जारी कर कहा कि चक्रवात निवार के कारण इंडिगो उड़ानों दक्षिणी क्षेत्र से मुख्य रूप से चेन्नई को बाधित रहेंगी। कल के लिए निर्धारित 49 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हम स्थिति पर नजर रखेंगे और आगे के लिए फैसला करेंगे।

भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा, 'हमारा पूर्वानुमान है कि यह (निवार) मंगलवार रात तक बहुत ही भीषण तूफान में बदल जाएगा। यह बुधवार देर शाम तमिलनाडु तथा पुडुचेरी के तटीय क्षेत्र में कराईकल और मामल्लापुरम के बीच टकराएगा। उस समय इसकी गति 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है, जो बढ़कर 145 किलोमीटर प्रति घंटे तक जा सकती है।

# अहमद पटेल के निधन पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने जताया दुख

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले अहमद पटेल का आज निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। वह एक महीने पहले वह कोरोना संक्रमित हुए थे। उनके निधन पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने शोक जताया है।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार अहमद पटेल का आज निधन हो गया है। वह 71 साल के थे। अहमद पटेल एक महीने पहले कोरोना संक्रमित हुए थे। इसके बाद उनका गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें 15 नवंबर को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अहमद पटेल के बेटे फैजल पटेल ने ट्वीट कर उनकी मौत की जानकारी दी। फैजल पटेल के मुताबिक उनके पिता अहमद पटेल का आज सुबह 3 बजकर 30 मिनट पर निधन हुआ। अहमद पटेल के निधन पर पीएम मोदी, राष्ट्रपति और सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने दुख जताया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि वह अहमद पटेल के निधन से दुखी है। पीएम ने लिखा कि उन्होंने समाज की सेवा करते हुए सालों गुजारे। पीएम मोदी ने आगे कहा है कि तेज दिमाग वाले अहमद पटेल को कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। मैंने उनके बेटे फैजल से बात की है और अपनी संवेदना प्रकट की है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि अहमद भाई की आत्मा को शांति मिले।

अहमद पटेल के निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शोक जताते हुए कहा कि यह जानने के लिए परेशान कि दिग्गज कांग्रेस नेता अहमद पटेल अब नहीं रहे। एक चतुर सांसद, श्री पटेल ने एक रणनीतिकार और एक बड़े नेता के आकर्षण के कौशल को जोड़ा। उनकी महत्वाकांक्षा ने उन्हें पार्टी लाइनों के दौरान जीत दिलाई। उसके परिवार और दोस्तों को मेरी संवेदनाएं।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अहमद पटेल के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि श्री अहमद पटेल के रूप में मैंने एक सहयोगी को खो दिया है, जिसका पूरा जीवन कांग्रेस को समर्पित था। मैं एक अपरिवर्तनीय कामरेड, एक वफादार सहयोगी और एक दोस्त खो चुकी हूं। उनके शोक संतप्त परिवार के लिए गहराई से महसूस करें जिन्हें मैं अपनी सहानुभूति और समर्थन की सच्ची भावना प्रदान करती हूं।

अहमद पटेल के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी शोक जताया है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि यह एक दुखद दिन है। श्री अहमद पटेल कांग्रेस पार्टी के एक स्तंभ थे। उन्होंने जीवन भर कांग्रेस में जीये और यहीं रहकर सांस ली। कांग्रेस के सबसे कठिन दौर में वह पार्टी के साथ खड़े रहे। वह एक जबरदस्त संपत्ति थे।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी अहमद पटेल के निधन पर दुख जताया है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि अहमद जी न केवल एक बुद्धिमान और अनुभवी सहकर्मी थे, जिनसे मैं लगातार सलाह और परामर्श के लिए मुखातिब था, बल्कि वे एक ऐसे दोस्त थे जो हम सभी के साथ खड़े रहे। वह दृढ़, निष्ठावान और अंत तक भरोसेमंद रहे। उनका निधन एक विशाल शून्य छोड़ देता है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

कांग्रेस के दिग्गज नेता अहमद पटेल के निधन पर उन्हें याद करते हुए दिग्विजय सिंह ने ट्वीट किया- अहमद पटेल नहीं रहे। एक अभिन्न मित्र विश्वसनीय साथी चला गया। हम दोनों 1977 से साथ रहे। वे लोकसभा में पहुंचे, मैं विधान सभा में। हम सभी कांग्रेसियों के लिए वे हर राजनैतिक मर्ज. की दवा थे। मृदुभाषी, व्यवहार कुशल और सदैव मुस्कुराते रहना उनकी पहचान थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर लिखा- वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद श्री अहमद पटेल जी के निधन से दुखी। वह एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने अपनी पार्टी और सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया। अहमद भाई की पार्टी लाइनों के दौरान उनके मित्र थे। मेरे विचार उनके परिवार और अच्छे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सरकार नागरिक संपत्ति हमेशा अपने कब्जे में नहीं रख सकती



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारें अनिश्चितकाल तक नागरिकों की संपत्तियों को जब्त करके अपने कब्जे में नहीं रख सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि ऐसी कोई भी घटना या ऐसा करने की अनुमति देना किसी भी तरह से किसी गैरकानूनी कृत्य से कम नहीं है। जस्टिस इंदिरा बनर्जी और एस रवींद्र भट की खंडपीठ ने मंगलवार को केंद्र सरकार को बेंगलुरु के बायपन्नहल्ली स्थित चार एकड़ जमीन को तीन महीने के अंदर उसके कानूनी मालिक बीएम कृष्णमूर्ति के किसी वारिस को लौटाने का आदेश देते हुए यह फैसला सुनाया है।

यह जमीन करीब 57 सालों से केंद्र सरकार के कब्जे में थी। खंडपीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि वैसे तो संपत्ति का अधिकार संविधान में मौलिक अधिकार नहीं बताया गया है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों को अनिश्चितकाल तक नागरिकों की संपत्ति को अपने कब्जे में रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार पर 75 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया जो उसे कृष्णमूर्ति के कानूनी वारिसों को चुकाना पड़ेगा।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### एक्युप्रेशर संस्थान का 22वां राष्ट्रीय सम्मेलन 26 नवम्बर

**इलाहाबाद।** एक्यूप्रेशर संस्थान का २२वां राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन/वेबिनार २६ नवम्बर से जूम एप के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ३० से अधिक एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में देश-विदेश के २००० से अधिक एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों के शामिल होने की सहमति प्राप्त हो चुकी है। कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय आयुष मंत्री श्री श्रीपद नायक करेंगे। ज्ञात हो कि विगत 25 वर्षों से एक्यूप्रेशर संस्थान निःशुल्क उपचार करते हुए 150 से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन कर चुका है। अनेक असाध्य बीमारियों के सफल उपचार के साथ ही शोध कार्यों का बड़ा संग्रह संस्थान में मौजूद है। कोरोना काल की वर्तमान परिस्थिति में सरकारी नियमावली के तहत प्रत्यक्ष उपचार न हो पाने की दशा में आनलाइन उपचार और प्रशिक्षण कार्य अनवरत जारी है। इसी क्रम में इस वर्ष का वीषिक सम्मेलन, आनलाइन महासम्मेलन/वेबिनार के रूप में संस्थान के अध्यक्ष श्री जे.पी. अग्रवाल के नेतृत्व में आनलाइन सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक श्री के.सी. गोयल होंगे।

# शंकरगढ़ ईओ को ब्रेन हैमरेज, कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव, स्थिति चिंताजनक

## नगर पंचायत के चेयरमैन सहित तमाम लोगों ने करवाई कोरोना की जांच

**शंकरगढ़।** ब्रेन हैमरेज के शिकार हुए नगर पंचायत शंकरगढ़ के ईओ शेर बहादुर की कोरोना जांच भी पाजिटिव पाई गई है। ईओ की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से नगर पंचायत में भी हडकंप मच गया है।मंगलवार को टाउन एरिया के चेयरमैन सहित ईओ के संपर्क में आने वाले तमाम कर्मचारियों ने कोरोना की जांच करवाई। दूसरी तरफ ब्रेन हैमरेज के शिकार ईओ शेरबहादुर का इलाज अपोलो हास्पिटल लखनऊ में चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत शंकरगढ़ के ईओ शेर बहादुर शंकरगढ़ कस्बे के रानीगंज में किराए के कमरे में रहते थे। नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने बताया कि सोमवार को मैं प्रयागराज गया हुआ था। शाम को मुझे इसकी जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि सोमवार को दोपहर



कोरोना जांच कराते चेयरमैन लल्लू कनौजिया

ऑफिस में एसडीएम बारा और ईओ में किसी मसले को लेकर करीब एक घंटे तक चर्चा हुई थी। शाम को जब वह आवास गए तो काफी चिंतित थे। शाम को अचानक लडखड़ा कर गिर गए। सूचना पर नगर पंचायत कर्मी मनीष केसरवानी ने ईओ को प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल दिखाने की बात कहते हुए रेफर कर दिया। ईओ को प्रयागराज के पार्वती हॉस्पिटल के आइसीयू में भर्ती करवाया गया, जहां सुधार नहीं होने पर एम्बुलेंस से अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया है। फिलहाल ईओ को लखनऊ में भर्ती करवाया गया है। ईओ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इधर, मंगलवार को दिन में इलाज के दौरान ईओ की कोरोना जांच की गई, जिसमें वह पाजिटिव पाए गए।एडीएम सिटी ने इसकी जानकारी नगर पंचायत को दी। इस पर हडकंप मच गया। इसके बाद चेयरमैन लल्लू कनौजिया, लिपिक प्रदीप कुमार, हेड मुहर्रिर रफीक अहमद, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी समेत दो दर्जन लोगों ने सीएचसी शंकरगढ़ में एंटीजन किट से कोरोना की जांच करवाई, इसके बाद आरटी पीसीआर की भी जांच करवाई गई, इसकी रिपोर्ट बाद में आएगी। बताया जाता है कि ईओ के संपर्क में आने वालों में एसडीएम बारा भी शामिल हैं। सीएचसी शंकरगढ़ में मंगलवार को कुल 80 लोगों की जांच की गई है।

## धरा चौराहे पर सब्जी मण्डी का किया गया उद्घाटन

**लालापुर।** बारा क्षेत्र के धरा चौराहे पर पराम्बा माता जनकल्याण समिति सब्जी मंडी का किया गया उटघाटन मंगलवार को किया गया शुभारंभ वही मंडी समिति के अध्यक्ष सुनील पांडे ने बताया की अपने क्षेत्र में कई किसानों से बातचीत किया बातचीत करने पता चला कि किसानों की बहुत ही समस्या है समस्या का निवारण करने के लिए हमने कई लोगों से बातचीत की बातचीत करने पर निष्कर्ष निकला कि अगर धरा चौराहे पर सब्जी मंडी का निवारण किया जाए तो अपने क्षेत्र के किसानों को कहीं दूर जाने के लिए कोई समस्या नहीं होगी।

आज धरा चौराहे पर सब्जी मंडी का शुभारंभ हुआ शुभारंभ अध्यक्ष सुनील पांडे के द्वारा किया गया मौके पर उपस्थित रहे उपाध्यक्ष अजय पांडे पंकज पांडे कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे उप कोषाध्यक्ष अंबुज पांडे महामंत्री राहुल पांडे नीरज पांडे गोलू पांडे अतुल पांडे संदीप द्विवेदी पिंटू केसरवानी संस्थापक अनिल पांडे उर्फ ननकऊ पांडे एवं समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



राख में तब्दील गृहस्थी का सामान

## घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान खाक

**फूलपुर।** घर में लगी आग विकराल रूप धारण कर लिया जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। फूलपुर क्षेत्र के जोगिया शेखपुर(शिवगढ़) गांव निवासी सन्त लाल गौतम पुत्र रामगरीब गौतम जो मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। सोमवार की रात वह सपरिवार लेटा था तभी रात लगभग ग्यारह बजे अचानक घर में आग लग गई । भुक्तभोगी के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तबतक घर गृहस्थी का सारा समान जल के राख हो गया था। भुक्तभोगी ने आरोप लगाते हुए बताया कि घटना की सूचना दमकल विभाग के साथ ही पुलिस को दी गई पर मौके पर कोई नहीं पहुंचा जिससे ग्रामीणों में नाराजगी ब्याप्त है।

# ढाई आखर प्रेम का पढ़ै सो पंडित होई : विनोदानंद

**करछना।** प्रेम ही जगत का सार है। तार तार प्रेम से बधे इस संसार में यही भगवत भजन प्रेम का संचार करते हुए हमारे समाज को आस्था, आध्यात्म, सामाजिक समरसता, सदाचार, संस्कृति परंपरा से जोड़ता है। इसीलिए कहा गया है कि ढाई आखर प्रेम का पढै सो पंड़ित होई। बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में आयोजित 23वें जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर रामकथा प्रवाचक स्वामी विनोदानंद जी महराज ने प्रेम की मार्मिक व्याख्या करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।उन्होने रामहि केवल प्रेम पियारा की व्याख्या करते हुए प्रेम के रहस्य को समझाया।वृदावन धाम से पधारे कृष्ण कथा वाचक आचार्य गोपाल जी महराज ने भी गोपी कृष्ण प्रेम लीला की अद्भभुद् झांकी प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रेम से ही भगवान भगत के वस में हो जाते है।स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि गोपियो का निष्काम प्रेम ही था कि-जाहि अनादि,अंनत,अखंड,अछेद,अभेद,सु वेद बतावैं,ताहि अहिर की छोहरियां




बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में आयोजित 23वें जमुनापार महोत्सव में कथा सुनाते विनोदानंद जी

छछियां भरि छांछ पे नांच नचावैं।इसके पूर्व लोक कलाकार बृजेश तिवारी और मोनू मस्ताना के देवी गीतों ने खूब समां बांधी।संतो का माल्यार्पण स्वागत करते हुए संयोजक डॉ. भगवत पाण्डेय ने कहा कि हमारे संत, सेनानी, शहीद, कलाकार, साहित्यकार ही समाज की पूंजी और थाती है।माटी के इन सपूतों के अभिनंदन का सौभाग्य सभी के नसीब में नही है।संचालन गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने किया।मंच व्यवस्थापक अशोक बैशरम ने बताया कि कथा को तीसरे दिन बुधवार को मंच पर दोपहर 12 बजे से युवा कवि सम्मेलन होगा। महोत्सव के दूसरे दिन प्रधानाचार्य मनीष कुमार तिवारी, लव कुमार पाडेय,संगम लाल पाडेय,मोहन पाण्डेय,अतुल तिवारी,कमला शंकर तिवारी, विशेष ओझा,उमाशंकर पाण्ड़ेय,बेद प्रकाश श्रीवास्तव, विशाल चौबे,सुनील प्रजापति,सबरेज अहमद, दिनेश सोनी, विजय सिंह, मालती शर्मा, सुधा सिंह, विजय पाल, मानिक चंद्र ओक्षा सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



एमएलसी प्रत्याशी जनसंपर्क करते।

## जाप एमएलसी प्रत्याशी ने मतदाताओं से किया संपर्क, मांगे वोट

**खीरी।** जन अधिकार पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी उत्तम कुमार मौर्य अपने कार्यकताओं के साथ मंगलवार को यमुनापार में जगह- जगह मतदाताओं से संपर्क किया। कई जगहों पर मीटिंग भी आयोजित की और मौजूद मतदाताओं को मेंबर ऑफ लेजिसलेटिव काउंसिल से संबंधित बातें बताई । जिससे मतदाताओं में जागरूकता बनी। कई मतदाताओं ने बताया कि अभी हमारा यह एमएलसी के लिए पहली वोट होगी। मतदाता जागरूकता का प्रारंभ प्रयागराज से चलकर घूरपुर, गौहनिया, जसरा ,जारी बाजार,नारीबारी कौंदी, पौंसला बाजार ,लेडियारी, रतौरा ,बड़ोखर के पश्चात कोराव तहसील परिसर में वकील साथियों से मिलकर मेंबर ऑफ लेजिसलेटिव काउंसिल के बारे में बता कर वोट मांगे। जिसमें जन अधिकार पार्टी के मंडल अध्यक्ष जगत सिंह ,जमुनापार एमएलसी प्रभारी अजय कुमार कुशवाहा, विवेकानंद एवं अनुज कुमार,अछ्न मौर्य, अनुज वर्मा समेत दर्जन भर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेजा में सफाई कर्मी नदारद, ग्रामीणों को स्वयं करनी पड़ती है सफाई



सफाईकर्मी के न आने से स्वयं नाली की सफाई करता ग्रामीण

**सिरसा।** मेजा विकास खण्ड के अंतर्गत मेजाखास गांव के सफाई कर्मी का कार्य कागजों पर ही चल रहे है।लिहाजा ग्रामीणों को स्वयं नाली की सफाई करनी पड़ती है।ऐसे में प्रदेश सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में सफाई कर्मी अहं भूमिका निभा रहे है।जानकारी के मुताबिक विकास खण्ड मेजा अंतर्गत मेजाखास के चाहे बस्ती की बात करें या फिर बाजार की सभी जगहों पर नाली की सफाई लोगों को स्वयं करनी पड़ रही है और सफाई कर्मी घर बैठे पगार ले रहे है या फिर अधिकारियो की हा हजूरी करने में लगे हुए है। बता दें कि मेजाखास वासी सफाई कर्मियों की तानाशाही रवैये के कारण लोगों को अपने घर के सामने तो नाली साफ ही करनी पड़ती है,लेकिन यदि उनके यहाँ कोई प्रोग्राम हो या फिर शादी-विवाह इन मौकों पर अपने घर से दोनों तरफ 100 मीटर के एरिया में पूरी नाली साफ करनी पड़ती है।इच्छुक व्यक्ति जब सफाई करने के लिए सफाई कर्मी की मांग करता है तो उसे यह कहकर आश्वासन दे देते है कि कल सफाई कर्मी जायेगा,लेकिन उनकी डायरी में कल आता जी नही।मेजा खास निवासी त्रिवेणी प्रसाद पांडेय के यहां 26 नवम्बर को तिलक है। लेकिन मांग के बाद भी सफाई कर्मी नही पहुँचा, लिहाजा उनके लड़के स्वयं मुहल्ले की नालियों की सफाई की।यह कोई मेजाखास का ही मामला नही है।पूरे मेजा तहसील का मामला है।कही भी सफाई कर्मी गाँवो में नाली साफ करने के लिए नही जाते है।सिर्फ प्रधान के घर जाकर उनके घर की शोभा बढ़ाते है। और सफाई कर्मी की वही हाजरी पूर्ण हो जाती है। ग्रामीणों ने सम्बन्धित अधिकारियो से सफाई कर्मियों को गाँवो में सफाई करने के लिए भेजेने की मांग की है।जिससे प्रदेश सरकार की इस अहं योजना का लाभ जनता को भी मिल सके। कई बार संबंधित अधिकारिओ को लिखित शिकायत किया गया लेकिन सफाई कर्मी के ऊपर कोई कानूनी कार्यवाही नही किया गया।



ट्रेन से नीचे गिरी महिला को ईलाज के लिए ले जाते

## ट्रेन पर चढ़ते समय नीचे गिरी महिला, कटा पैर

**फूलपुर।** ट्रेन पर चढ़ते समय पैर फिसलने से महिला ट्रैक पर गिर पड़ी। जिससे उसका पैर कट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एम्बुलेंस से सीएचसी फूलपुर पहुंचाया जहां स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने एस आर एन के लिए रेफर कर दिया । बहरिया क्षेत्र के कालूपुर गांव निवासी चंदा विश्वकर्मा 46 वर्ष पत्नी उमाशंकर मंगलवार सुबह आठ बजे फूलपुर रेलवे स्टेशन पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर चढ़ रही थी तभी असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ी। जिससे उसका पैर ट्रेन के नीचे चला गया। नतीजतन महिला का एक पैर कट गया। सूचना पाकर पुलिस के साथ ही 108 के पायलट संदीप यादव तथा ईएमटी अशोक पाल ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को सीएचसी फूलपुर से रेफर करवा कर स्वरूप रानी अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने घायल महिला को लेकर बहरिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि घायल महिला बनारस दवा लेने जा रही थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी।इस घटना की जानकारी मिलने पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को चीरघर भेजा। इस प्रकरण में मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने छानबीन के उपरांत शव को चीरघर भेज दिया है।किशोरी द्वारा आत्महत्या किए जाने का यह मामला शंकरगढ़ के निरालानगर मोहल्ले का है।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के निरालानगर के रहने वाले छोट्टन मौर्य की 15 वषीर्या पुत्री सोना ने मंगलवार को अपने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। इस वाकये की जानकारी परिजनों को काफी देर से हुई। किशोरी द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिलते ही मौके पर



युवती के फांसी लगने के बाद घटना स्थल का मुआयना करती पुलिस

स्थानीय लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर मुकामी पुलिस भी मौके पर पहुंची और फांसी के फंदे पर लटक रहे किशोरी के शव को नीचे उतारा और छानबीन के उपरांत शव को चीरघर के लिए भेजा। इस मामले में मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर दी है। एसओ राजेश उपाध्याय ने बताया कि शव को चीरघर भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### राज्य स्तरीय मजदूर जागरूकता संगोष्ठी 26 को

प्रयागराज। श्रम कल्याण संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार, इलाहाबाद परिक्षेत्र एवं बी० ओ० सी० वर्कर फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में असंगठित कामगारों, निर्माण मजदूरो , बीड़ी श्रमिको को कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन 26 नवम्बर 2020 को इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज के सभागार में समय 11:00 से किया जा रहा है। भारत सरकार श्रम मंत्रालय के कल्याण आयुक्त चन्द्रदेव जी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चंद्रा - अपर मुख्य सचिव, श्रम एवं सेवा योजना, उत्तर प्रदेश शासन तथा अध्यक्षता प्रेम प्रकाश सिंह - अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज परिक्षेत्र करेंगे एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में वी० आर० मीना, पुलिस महानिरीक्षक पूर्वी जोन, प्रयागराज, योगेश कुमार, अपर आयुक्त ( मनरेगा) ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, अरविन्द चौहान, सचिव झ्र उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सदस्य राजनाथ उपस्थित रहेंगे ।

# सीएमपी डिग्री कॉलेज के छात्र जल्द ले ले प्रवेश वरना परिवर्तित कर दी जाएंगी सीटें

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज इलाहाबाद के प्राचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 25 नवंबर 2020 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल प्रवेशार्थियों का प्रवेश विद्यालय में होगा बीएससी गणित के प्रथम खंड में अनुसूचित जनजाति के सभी प्रवेशार्थी शीघ्र प्रवेश ले लें अन्यथा उनकी सीटें अनुसूचित जाति में परिवर्तित कर दी जाएंगी प्राचार्य ने कहा कि बीएससी जीव विज्ञान सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आर्थिक कमजोर वर्ग के शून्य या अधिक अंक अनुसूचित जनजाति के सभी प्रवेशार्थी शीघ्र प्रवेश ले ले अन्यथा उनकी सीटें अनुसूचित जाति में परिवर्तित कर दी




जाएंगे उन्होंने कहा कि बीए के अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत 110 या अधिक अंक प्राप्त अनुसूचित जनजाति के सभी प्रवेश ले ले। उन्होंने कहा कि बीकॉम प्रथम खंड में अनुसूचित जनजाति के सभी प्रवेशार्थी भी पड़ोस ले ले अनुसूचित जनजाति के प्रवेशार्थियों को पुनःअंतिम अवसर प्रदान किया जाता है जिसके बाद उनकी सीटें अनुसूचित जाति में परिवर्तित कर दी जाएंगी उन्होंने कहा कि बीसीए के सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आर्थिक कमजोर वर्ग के 71% से अधिक अंक पिछड़ी जाति के अंतर्गत 75% या अधिक अंक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सभी प्रवेशार्थियों की ऑनलाइन काउंसलिंग होंगी तत्पश्चात उनके प्रवेश की सीटों का आवंटन वरीयता क्रम के आधार पर किया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रवेशार्थी महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर जाकर प्रवेश संबंधी कार्यवाही पूर्ण करें विस्तृत विवरण की सूचना महाविद्यालय वेबसाइट पर सूचना पट पर भी चस्पा है।



चोरी के बाद घर में अस्त व्यस्त पडे कपड़े व सामान।

## होलागढ़ में चोरों ने नगदी समेत हजारों का जेवरात किया पार

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के छीतपुर लखनी गांव निवासी जवाहर लाल जो पूरा परिवार दिल्ली में रहता है। मंगलवार को जब वह आया घर का दरवाजा खोला तो घर के अंदर सामान विखरा देख दंग रह गया । जवाहर लाल के मुताबिक हजारो रुपए नगदी व जेवरात समेत सामान चोरो ने पार कर दिया । जवाहर ने यह भी बताया कि छत पर से सायद चोर अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया । मामले की शिकायत पुलिस से की गयी है पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## डॉ.यज्ञदत्त शर्मा का परा जीवन अधिवक्ताओं और शिक्षकों को समर्पित रहा : विभवनाथ

**करछना (प्रयागराज)।** इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव के सम्बंध मे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने तहसील करछना अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क कर भाजपा के प्रत्याशी डॉ.यज्ञदत्त शर्मा को एमएलसी चुनाव के पांचवी जीत हेतू प्रथम वरियता का मत मांगा। और कहा अधिवक्ता समाज के लोगों को न्याय दिलाने के साथ नेक राह पर चलने वाले अधिवक्ता के दुःख सुख के अपने साथी यज्ञदत्त शर्मा को जिताने हेतू सभी सहयोग करें। डॉ.यज्ञदत्त शर्मा का परा जीवन अधिवक्ताओ और शिक्षकों को समर्पित रहा। जनसंपर्क मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभ नारायण द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य व जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी पियूष रंजन निषाद, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, आलोक पटेल, रंजीत पाल आदि पदाधिकारी अधिवक्ताओंसे जनसम्पर्क कर समर्थन मांगा।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### 11 साल बाद नवंबर में पड़ रही इतनी सर्दी

**प्रयागराज।** सर्दी का मिजाज तेजी से अपना असर दिख रहा है। 11 साल बाद नवंबर में इतनी सर्दी पड़ रही है। दिन भर धूप के बाद शाम होते ही सर्दी का प्रकोप बढ़ रहा है। सर्दी के साथ गलन परेशानी और बढ़ा रही है।
मौसम विभाग पारा और गिरने का अनुमान जता रहा है। कोहरे की चादर भी तेजी से बिछेगी। सोमवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ। रविवार को अधिकतम 24.6 डिग्री तापमान रहा। न्यूनतम पारा लुढ़ककर नौ डिग्री पर पहुंच गया। 24 घंटे के दौरान यह 10.9 से 09.01 पर आ गया। इस वजह से रात में हवा चलने से सर्दी अधिक रही। इविवि के प्रोफेसर एचएन मिश्र के अनुसार, 2009 के बाद पारा नवंबर में दस के नीचे आया है। यह तेजी से अभी और नीचे आएगा। इस वजह से कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। कोहरा भी परेशान करेगा। इस बार सर्दी अधिक व लंबे समय तक पड़ने का अनुमान है।

## मण्डलायुक्त ने संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर उर्दू अनुवादक/सह प्रधान सहायक के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के दिये निर्देश



संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार मंगलवार को संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मण्डलायुक्त ने वरिष्ठ सहायक कक्ष, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, प्रधान सहायक/नाजिर कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों को पत्रावलियों को व्यवस्थित ढंग से रखने एवं कार्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन करते हुए संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय में तैनात कर्मचारियों की संख्या एवं उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने सभी पटल सहायकों को डायरी बनाने एवं उसमें पत्रों के प्राप्त होने, पत्रावलियों के निस्तारण का विवरण एवं अवशेष कार्यों का प्रतिदिन अंकन किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलीय मासिक समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की आख्या सम्बंधित अधिकारियों से प्राप्त होने की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर सम्बंधित पटल सहायक उर्दू अनुवादक/सह प्रधान सहायक शकील अहमद जाफरी के द्वारा संतोष जनक उत्तर न दिये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डलायुक्त ने उनके विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं है। उन्होंने सभी पटल सहायकों को पत्रावलियों को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा पत्रों का समय से प्रेषण एवं उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में रजिस्टर पर अनिवार्य रूप से अंकन किये जाने का निर्देश दिया है। कहा कि दिए गए निर्देशों की अनुपालन आख्या यदि सम्बंधित अधिकारियों से एक निर्धारित समय में नहीं प्राप्त होती है, तो अनुपालन हेतु पुनः अनुस्माकर भेजा जाये। इसके बावजूद भी सम्बंधित अधिकारी के द्वारा निर्देशों के अनुपालन आख्या नहीं दी जाती है, तो पत्रावली को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। मण्डलायुक्त ने संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, जल-जमाव न होने देने एवं बिल्डिंग के सौन्दर्यीकरण/ मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्टाफ आफिसर बबिता सिंह को पटल सहायकों के कार्यों का अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार व संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## देव दीपावली पर्व के आयोजन के सम्बंध में बैठक सम्पन्न


देव दीपावली पर्व को लेकर अधिकारियों संग बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में 30 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली पर्व को सकुशल व सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को संगम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए देव दीपावली पर्व को मनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार देव दीपावली पर आतिशबाजी की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने मेला प्राधिकरण को एक समिति बनाने के लिए कहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ा जाये। देव दीपावली मनाये जाने के लिए विभिन्न विभागों की जो जिम्मेदारी तय की गयी है, वे उसका अनुपालन करना सुनिश्चित करें। संगम क्षेत्र में किला से लेकर संगम नोज तक तथा संगम नोज से शास्त्री ब्रिज तक तथा बड़े हनुमान मन्दिर, परेड, गंगा आरती स्थल, दारागंज में दशाश्वमेघ घाट पर साफ-सफाई एवं समतलीकरण का कार्य कराना सुनिश्चित कर लिया जाये। यमुना तट पर स्थित सरस्वती घाट, बोट क्लब घाट, बलुआघाट, बरगद घाट की साफ-सफाई एवं इन स्थलों पर पूर्व से स्थापित हाइलोजन एवं स्ट्रीट लाइटें जलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। अरैल क्षेत्र में त्रिवेणी पुष्प पर रंगीन लाइट की व्यवस्था की जाये। झूंसी क्षेत्र में घाटों तथा गंगा नदी के तटों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। संगम तट पर स्थित किले की सजावट इलेक्ट्रिक लाइट व रंगीन फोकस लाइट/स्पाट लाइट की व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम हेतु मंच की व्यवस्था, शामियाना, कॉरपोट, कुर्सियों, सोफे आदि की व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम के आयोजन के दृष्टिगत संगम तट पर माला-फूल आदि सामग्री की दुकानें व चैकियों को संगम तट से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थापित की जाये। देव दीपावली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुतिकरण की व्यवस्था की जाये। देव दीपावली के अवसर पर दीपक एवं कैण्डिल से सजावट किये जाने हेतु संगम क्षेत्र को विभाजित कर संस्थाओं, स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों, एन0सी0सी0, एन०एस०एस०, सिविल डिफेन्स एवं व्यापार मण्डल आदि को आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लेने के निर्देश दिये गये। देव दीपावली के अवसर पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने हेतु मजिस्ट्रेट/पुलिस बल/जल पुलिस की तैनाती की जाये। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय सुविधा हेतु एम्बुलेन्स, चिकित्सक एवं दवाओं आदि की व्यवस्था की जाये। पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु टैंकर आदि की व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। अग्नि सम्बन्धी दुर्घटनाओं के बचाव हेतु फायर बिग्रेड आदि की समुचित व्यवस्था की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने वाहनों की पार्किंग व ट्रैफिक आदि की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। देव दीपावली के अवसर पर शहर क्षेत्र के चैराहों, मन्दिरों, गुरुद्वारों, चर्च को सजाने, रंग-बिरंगी लाइट की व्यवस्था तथा किला घाट से सरस्वती घाट तक स्पाट लाइट से सजाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। आयोजन स्थल को सेक्टरों में विभाजित कर कैण्डल व दीप से सजाने के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। देव दीपावली के अवसर पर शहर के चैराहों पर स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं की सजावट का कार्य तथा सरस्वती घाट एवं बलुआघाट पर नावों में दीप-दान के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। देव दीपावली के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा दीप-दान हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर)- ए0के0 कनौजिया, माघ मेला प्रभारी विवेक चतुवेर्दी सहित सम्बंधित अधिकारी एवं संगठन के लोग मौजूद रहे।

### हाई वोल्टेज टावर पर चढ़ा युवक, बिजली बाधित

**प्रयागराज।** बेली पानी टंकी पर अधिवक्ता के चढ़ने की घटना के बाद मंगलवार दोपहर एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक बिजली विभाग के हाई वोल्टेज टावर के ऊपर चढ़ गया। सिर्फ अंडर गारमेंट पहने युवक की गतिविधियों को देखकर खलबली मच गई। पुलिस ने एसडीआरएफ को भी बचाव के लिए बुला लिया लेकिन जब टीम उसे बचाने के लिए चढ़ने लगी तो गाली देने लगा। एहतियातन वहां से बिजली काट दी गई है जिसके कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। बागड़ धर्मशाला के पास बिजली विभाग के ट्रांसमिशन डिवीजन के बड़े-बड़े टॉवर लगे हैं, जिससे रीवा रोड से 132 केवी मिंटो पार्क ट्रांसमिशन तक बिजली दी जाती है। ट्रांसमिशन से ही सभी उपकेंद्रों पर सप्लाई होती है। इसी एक टॉवर पर मंगलवार दोपहर एक युवक पहुँचा। उसने पूरे कपड़े उतरे और फिर हाथ में कपड़ा लेकर टॉवर पर चढ़ गया। वह आधे टॉवर पर पहुंचा तो राहगीरों की नजर उस पर पड़ गई। लोगों ने देखा तो शोर मचाया। सूचना पुलिस को मिली तो बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गई। खबर पाते ही रीवां रोड से आने वाले सप्लाई को बंद करा दिया गया। युवक टॉवर पर चढ़ता रहा और जब दो-तीन मीटर शेष बचा तो वह कपड़ा रखकर वहीं बैठ गया। कीडगंज इंस्पेक्टर रोशन लाल ने बताया कि युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। वह बातचीत नहीं कर रहा है। बचाव के लिए फायर बिग्रेड और एसडीआरएफ टीम को बुला लिया गया । बिजली विभाग के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद है। युवक को बचाने के लिए जब टीम टावर पर चढ़ रही है तब वह गाली दे रहा है और धमकी देता है।

## तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18.11.2020 से 24.11.2020 तक तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन जनपद प्रयागराज में किया गया। तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तिम दिन मंगलवार को यूनाइटेड कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड रिसर्च कालेज नैनी, प्रयागराज में समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी देवी पटेल, मा0 सांसद फूलपुर, विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक शहर उत्तरी ने प्रतिभाग किया।

मा0 सांसद महोदया ने अपने सम्बोधन में बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम जनता के मध्य सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों की जानकारी देने में महती भूमिका अदा किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक शहर उत्तरी ने अपने सम्बोधन में बताया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों एवं मोड़ पर वाहन धीमी गति से चलायें। राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने सभागार मे उपस्थित छात्र/छात्राओं एवं उपस्थित अन्य महानुभावों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी गयी। श्री राजकुमार सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर चक्रेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक यमुनापार, अखिलेश भदौरिया, पुलिस अधीक्षक यातायात, टी0के0एस0बिसेन, क्षेत्रीय प्रबन्धक उ0प्र0रा0स0परिवहन निगम, डॉ0 सियाराम वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम, भूपेश कुमार गुप्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय, सुरेश कुमार मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज, ए0के0द्विवेदी, अधिशासी अभियन्ता, संजय कुमार गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), सत्य पाल गुलाटी वाइस प्रेसिडेन्ट, यूनाइटेड कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड रिसर्च कालेज नैनी, प्रयागराज एवं यूनाइटेड कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड रिसर्च कालेज के छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, कोहरे और सर्दियों की तैयारी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की



**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबंधकराजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, झांसी और आगरा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे में संरक्षा, कोहरे और सर्दियों की तैयारी सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के प्रारंभ में, आगरा, झांसी और प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा कोहरे और सर्दियों की तैयारियों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। उच्च यातायात घनत्व वाले मार्गों पर संरक्षायुक्त और निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए, उत्तर मध्य रेलवे ने कोहरे और सर्दियों के मौसम के लिए विस्तृत और समयबद्ध कार्य योजना तैयार की है। इसके लिए की जा रही तैयारियों के तहत, सभी ट्रेन चलाने वाले कर्मचारियों का अपेक्षित प्रशिक्षण और अनिवार्य चिकित्सा परीक्षा पहले ही पूरी हो चुकी है। सड़क उपयोगकर्ता ओं को गेट बूम और स्टॉप बोर्ड की उचित दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए, तीनों डिवीजनों पर सभी मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट पर रेट्रोफ्लेक्टिव बोर्ड लगा दिए गए हैं। कोहरे के मौसम के दौरान चालक दल की सिग्नल संबंधी सहायता के लिए, सभी क्रू बुकिंग प्वाइंटों पर पर्याप्त संख्या में फॉग-सेफ डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं और कम दृश्यता की स्थिति में सिग्नलों के बारे में लोको पायलटों को आगाह करने के लिए सभी फॉग-सेफ डिवाइस में सिग्नल की जीपीएस लोकेशन को अपडेट किया गया है। सर्द हवाओं से चालक दल को बचाने के लिए, सभी 448 इलेक्ट्रिक इंजनों और 102 डीजल इंजनों के लोकोमोटिव कैब की सीलिंग की जा रही है। इसी तरह, उत्तर मध्य रेलवे में सभी रनिंग रूम में कंबल, गीजर, रूम हीटर आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि चालक दल को गुणवत्तायुक्त रेस्ट सुनिश्चित हो सके।

सर्दियों की तैयारियों के क्रम में, ट्रैक की आवश्यक डीस्ट्रेसिंग, ज्वाइंटों की जाँच, ग्रीसिंग आदि का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और दिनांक 15.11.2020 से रेलवे ट्रैक पर रात की पेट्रोलिंग भी शुरू कर दी गई है। सेक्शन में ट्रेन के अंतिम वाहन की उचित दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए, यात्री गाड़ियों के एसएलआर और मालगाड़ी के गार्ड वैन पर रेट्रोफ्लेक्टिव क्रॉस मार्क और फ्लैशिंग टेल लैंप का प्रावधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सर्दियों और कोहरे के दौरान कार्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं जैसे कोहरे की स्थिति का आकलन करने के लिए विजिबिलिटी टेस्ट ऑबजेक्ट (वीटीओ), रिट्रोरिफ्लेक्टिव साइनेज एवं वीएचएफ सेट की पर्याप्त उपलब्धता, डेटोनेटर, सिग्नल से पहले चूना अंकन इत्यादि भी आगरा, झांसी और प्रयागराज मंडलों द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है।कोहरे और सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि मंडलों को एक दूसरे के अनुभव से सीखना चाहिए और अन्य मंडलों में लागू अच्छी प्रथाओं को अपने यहां लागू करना चाहिए। उन्होंने बल देते हुए यह भी कहा कि ट्रैक और अन्य परिसंपत्तियों के निरीक्षण के लिए नियुक्त सभी कर्मचारियों के लिए सर्दियों और पेट्रोलिंग गियर्स की उचित और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।
**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**
पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## अप्पे व ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा लाइनपार मोहल्ले में देर रात अप्पे व ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे अप्पे सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे गौहनिया चौकी इंचार्ज शिव प्रताप सिंह ने दोनों घायलों को जसरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद एस आर एन शहर के लिए रेफर कर दिया गया।

सोमवार की देर रात लगभग 11:00 बजे घूरपुर का एक अप्पे जसरा से सवारी उतार कर वापस जसरा से घूरपुर की ओर जा रहा था कि जसरा के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज के सामने जैसे ही पहुंचा था कि सामने से आ रही एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से अप्पे के परखच्चे उड़ गए। अप्पे का ड्राइवर व उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। अप्पे चालक सोमेश्वर निषाद 20वर्ष पुत्र मनोज निषाद निवासी बड़ा कंजासा को गंभीर चोट आई।उसके दोनों पैर टूट गए। वही राहुल पुत्र सियाराम 19 वर्ष निवासी घूरपुर के सिर में चोट लगी । वही ट्रक चालक ट्रक लेकर जसरा के बारा की ओर भाग रहा था। तो जसरा रेलवे क्रॉसिंग के पास ब्रेकर से ट्रक के उछलने से उसकी डीजल की टंकी निकलकर सड़क पर गिर गई जिससे थोड़ी दूर जाकर ट्रक रुक गई । ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला । बाद में पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया । वहीं घटनास्थल के पास दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने अप्पे को सड़क से हटवाया तब जाकर जाम खुल सका।

## सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान अध्यक्ष ने कोरोना वायरस बचने के लिए जागरूक किया : डॉ0 रश्मि शुक्ल


लोगों को जागरूक करती डॉ. रश्मि शुक्ल

**सिरसा।** डाक्टर रश्मि शुक्ला सामाजिक सेवा एवं शोध संसथान अध्यक्ष ने कोरना वायरस से बचने के लिये जागरुकता लोगों से सम्पर्क किया। सबको मास्क, सेनेटाइजर, साबुन साथमे कपड़े के थेला का वितरण किया। वर्तमान मे करोना संक्रमण के प्रती जन मानस में लापरवाही बरती जा रही। यह बहुत ही चिंता का विषय है । लापरवाही नही करना अभी दवा भी नहीं है इसलिए सबको सतर्कता से रहना है ।हम सब इस विपदा के समुद्र से किनारे पहुँच रहे हैं। हमारी सारी मेहनत बेकार हो जायेगा यदि आप सब मास्क, सेनेटाइजर, साबुन का उपयोग साथ में समाजिक दुरी रखना बहुत बहुत जरुरी है। आप सब से हाथ जोड़ कर निवेदन है की कोरोना के प्रती लापरवाह न हों । हाथ साबुन से धोते रहिये। जाड़ा है आलस न किजीये। सफाई से रहिये । देश के योग्य नागरिकता का परिचय दे। कोरोना से बचाव मास्क, साबुन सेनेटाईजर उपाय। पर्यावरण बचाव के लिये प्लास्टिक थेले का प्रयोग न करे कपड़े के थेले का प्रयोग करने का संदेश दिया।वितरण किया कपड़े के थेलो का निशुल्क वितरण किया ।झुँसी के सब्जीफल बचने वालो को वितरण किया गया प्रयागराज के कई इलाको में वितरण किया गया ।सी ए सुधीर कुमार शुक्ला, अनुश्री शुक्ला, चित्रांगद शुक्ला साथ में कई सदस्यों ने मास्क, साबुन, सेनेटाईजर, कपड़े वितरण में सहयोग किया । समाज हित में के लिये किये गये उत्तम कार्य के अनेकों समाजिक गणमान्य लोगों ने साथ में अनेकों समाजिक संस्थाओ ने सराहा किया। और आमजन को जागृत करते हुए कहा गया कि लापरवाही ही बीमारी का करण है।

## शुआट्स में पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ

**प्रयागराज।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज में उप कृषि निदेशक प्रसार, चन्दौली द्वारा प्रायोजित ''सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत'' जनपद चन्दौली के चयनित 45 कृषकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार प्रो° (डा°) ए. ए. ब्रॉडवे द्वारा किया गया । उद्घाटन अवसर पर निदेशक प्रसार ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि विश्वविद्यालय स्तर पर कृषक प्रशिक्षण कृषि विभाग द्वारा इसलिए आयोजित कराये जाते हैं जिससे कृषक विश्वविद्यालय में की जा रही वैज्ञानिक विधि द्वारा की जा रही खेती का अवलोकन करें एवं उसी प्रकार अपने खेत में भी वैज्ञानिक विधि को स्थानान्तरित करने का प्रयास करें जिससे उनकी आर्थिक आय में बढ़ोत्तरी होने की प्रबल सम्भावना होती है । विश्वविद्यालय में नवीनतम कृषि तकनीकियॉ, यंत्र एवं विधियॉ देखी जा सकती हैं एवं देखकर सीखने की प्रवृत्ति कृषकों में अधिक होती है जिसका लाभ लेने हेतु कृषि विभाग कृषकों को कृषि विश्वविद्यालय में भेजता है । निदेशक प्रसार ने कृषकों से कहा कि इस अवसर का लाभ उठायें तथा विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण के साथ-साथ भ्रमण कर अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें । प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डा0 मदन सेन सिंह ने कृषकों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की रणनीति बतायी एवं बीज शोधन, भूमि शोधन इत्यादि के माध्यम से रोग-कीट पर होने वाले खर्चो को कम कर अधिक लाभ लेने की जानकारी प्रदान की। प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं विभिन्न प्रकार के कम्पोस्ट जैसे नैडप, वर्मी, सीपीपी, सींग की खाद इत्यादि द्वारा भूमि व मिट्टी की दशा को टिकाऊ रखते हुए आय दोगुना करने की विधि पर जानकारी प्रदान की गयी।

## संक्षेप समाचार

### सिर्फ हनुमान जी की चौकी से लोगो ने दशहरा मनाया

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार में मंगलवार को रामदल निकला जिसमे भरवारी के तमाम पदाधिकारी व संभ्रांत नागरिकों के साथ नन्हे मुन्ने बच्चो के साथ बजरंग बली की चौकी बिंदा मील से निकलकर नया बाजार होते हुए नगर भ्रमण किया 'अबकी बार परंपरा को जीवित रखने के लिए कस्बा वासियो को सिर्फ बजरंग बली जी की चौकी से ही संतुष्ट होना पड़ा क्योंकि अबकी कोरोना वैश्विक महामारी के चलते कोई भी कार्यक्रम आयोजित नही किया गया न ही मेला और न ही नाटक प्रतिस्पर्धा विधुत की लाइट न ही किसी प्रकार का उत्सव मनाया गया अबकी बार सिर्फ परंपरागत को जीवित रखा गया 'आज रामदल की चौकी की अगुवाई कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकला गया जिसमें पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी रमेश अग्रहरि राजेश केशरवानी अशोक गुलाटी प्रेम नारायण उर्फ कलेक्टर अभिजीत राकेश अरोरा पीताम्बर लाल संजय गुप्ता राजेश अग्रहरि राम प्रकाश मिश्रा बेद प्रकाश डैनी आदि लोग मौजूद थे।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**करारी कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त संदीप पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुअसं0 438/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय पेश किया गया

### अभियुक्त गिरफ्तार

**करारी कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त जग्गू पुत्र कल्लू निवासी सोनवारा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 सीएमपी व एक कारतूस बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुअसं0 182/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय पेश किया गया है

### अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 298/20 धारा 504/506/427/452 भा0द0वि0 में 01 नफर वांछित अभियुक्त रोहित दुबे पुत्र अवधेश दुबे निवासी काजू थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है ।

## जिलाधिकारी ने विकास भवन परिसर का किया निरीक्षण

### निरीक्षण में पीओ डूंडा एवं अधिशासी अभियंता आरईएस के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण एवं शो.काज नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने मंगलवार को विकास भवन स्थित मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी परियोजना निदेशक समाज कल्याण विभाग पंचायत एवं नगरीय निकाय कार्यालय एवं जिला प्रोवेशन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पीओ डूंडा शुधाकान्त मिश्रा एवं आरईएस के अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण एवं शो.काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।


विकास भवन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

निरीक्षण में विकास भवन परिसर में साफ.सफाई की व्यवस्था सही ढंग से न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए परिसर की साफ.सफाई कराये जाने एवं जगह.जगह पर डस्टबिन रखवाये जाने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया है। उन्होने विकास भवन परिसर में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाये जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया है। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में फाइलों एवं अन्य दस्तावेजों के रख.रखाव को भी देखा जिसमें जिला कार्यक्रम कार्यालय में फाइलों का रख.रखाव सही न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फाइलों को सिस्टमैटिक ढंग से रखने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांन्त त्रिपाठी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार परियोजना निदेशक जिला पंचाय राज अधिकारी गोपाल जी ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मतदान दिवस को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जायेगा

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खण्ड स्नातक एवं 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन.2020 हेतु दिनांक 01 दिसम्बर 2020 को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खण्ड स्नातक एवं 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन में मतदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के सभी कर्मचारी जो विश्वविद्यालय स्नातक है और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता है को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जायेगा।

## मतदान अधिकारी माइक्रो आब्जर्बरों कार्मिकों पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

### इलाहाबाद झॉसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी निर्वाचन के लिए मतदान के पूर्व दिया गया प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में इलाहाबाद झॉसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारियों मतदान अधिकारी प्रथम एवं माइक्रो आब्जर्बरों को मतदान प्रक्रिया की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा निदेर्शों के बारे में भी जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को कोविड.19 से सम्बन्धित एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज जिला विकास अधिकारी विजय कुमारए सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण राकेश सिंहए विकास पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण रहे।

### स्नातक निर्वाचन : मतदाता को अपनी फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य

कौशाम्बी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन.2020 के इलाहाबाद झॉसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने के लिए मतदाता को अपनी फोटो पहचान पत्र आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस पैन कार्ड भारतीय पासपोर्ट राज्य केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्र सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये आधिकारिक पहचान पत्र शैक्षिक संस्थाओं जिनमें संबंधित शिक्षक। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि डिप्लोमा का प्रमाण पत्र मूल रूप में एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिब्यांगता सम्बन्धी प्रमाण पत्र दिखाना होगा। किसी मतदाता द्वारा यदि फोटो पहचांन पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो वह निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है।


मनौरी बाजार में कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी

## गांव गांव घूमे मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

### गांव गांव में मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी को अपने पन का मिला प्यार

**कौशांबी।** आम जनता से प्यार कौशाम्बी जिले के लोगों से आत्मीयता का लगाव उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता को गांव गांव घूमने पर विवश कर दिया है जिले के मीरपुर असरापुर मनौरी बाजार चरवा जनका बलीपुर टाटा सहित तमाम गांव में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का काफिला घूमा गांव गांव में मंत्री को अपनेपन का प्यार मिला लोगों ने उनको माला पहना कर जहां उनका स्वागत किया वहीं लोगों ने उन्हें गले लगा कर अपनापन का परिचय दिया तमाम लोगों ने मंत्री के पैर छू करके उनसे अपनत्व का परिचय दिया इस बीच मंत्री ने भी जिले के लोगों के बीच अपनेपन का एहसास कराया और भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की मंगलवार के दिन पूरे दिन नंद गोपाल गुप्ता मंत्री जिले में रहे गांव गांव उनका काफिला घुमा पैदल चलकर मंत्री ने लोगों से मुलाकात की घर–घर लोगों के पोस्टर लोगों का हालचाल जाना उनके दुख दर्द को साझा किया मंत्री के इस अपनेपन को देखकर आम जनता भी उनके सरल और मिलनसार स्वभाव पर उनके गुणगान की चर्चा करती रह गई।

### दम्पत्ति से बदमाशों ने तमंचा सटाकर की लाखों की लूट

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के पथरावा ग्राम सभा निवासी मुन्ना लाल विश्वकर्मा व्यापार के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं बीते कल सुबह 23 नवम्बर सुबह 7:00 बजे प्रयागराज एक्सप्रेस से वह पत्नी लाली विश्वकर्मा के साथ अपनी ससुराल मुंडेरा पहुंचे वहां एक कार्यक्रम में शामिल होकर शाम को मोटरसाइकिल से पत्नी लाली विश्वकर्मा के साथ अपने घर सैनी कोतवाली क्षेत्र के पथरावा ग्राम पहुंचने का प्रयास किया रास्ते में घात लगाए अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उचरांवा और सरांय के बीच तमंचा सटाकर दंपत्ति से 80 हजार नगद 2 एंड्राइड मोबाइल सहित सोने चांदी के जेवर लूटकर चंपत हो गए। मुन्ना लाल विश्वकर्मा के अनुसार बदमाशों के छीना झपटी तमंचा देखकर उसकी पत्नी लाली विश्वकर्मा बेहोश हो गयी थी राहगीरों के सहयोग से अपने घर पहुंचकर ग्राम प्रधान को उसने सूचना दिया शाम का मामला था सूचना पुलिस को मिलने पर एस पी अभिनंदन सीओ रामवीर सिंह सहित थाना पुलिस अझुवा चौकी पुलिस सिराथू पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन कर चोरों की तलाश में जुट गई।एसपी अभिनंदन ने कहा टीम लगा दी गयी है।


गजब : एक ही गेस्टहाउस का दो माननीयों ने किया फीता काटकर उद्घघाटन

## सम्मान के वर्चस्व की माननीयो ने शुरू कर दिया जंग

### सम्मान की आड़ में इसी तरह भितरघात पनपता रहा तो इसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में देखने को जरूर मिलेगा

**कौशांबी।** जिले की राजनीति में सम्मान के वर्चस्व की जंग शुरू हो गई है करारी कस्बे के एक गेस्ट हाउस का पहले राजनैतिक गुरु के बेटे ने उद्घाटन किया फिर गुरु के चेला पीछे कहां रहने वाले थे चेला भी दो माननीयों के साथ गेस्ट हाउस पहुंच गए और उन्होंने भी उसी गेस्ट हाउस का दुबारा उद्घाटन कर दिया। करारी कस्बे के एक गेस्ट हाउस का एक ही दिन में दो बार अलग-अलग समय में माननीय द्वारा उद्घाटन किए जाने को लेकर नगर वासियों के बीच तमाम तरह की चर्चा हो रही है करारी कस्बे के इस यह गेस्ट हाउस का उद्घाटन माननीयों के सम्मान के वर्चस्व की जंग बन गया है सम्मान के वर्चस्व में शुरू हुई यह जंग आने वाले चुनाव में बड़े गुल खिला सकती है सम्मान को लेकर शुरू हुई यह जंग इशारों में बहुत कुछ कह रही है और यदि सम्मान की आड़ में इसी तरह भितरघात पनपता रहा तो इसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में देखने को जरूर मिलेगा।

## डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

### शासन की गाइडलाइन के अनुसार निमार्णाधीन कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा के अन्दर किया जाये पूर्ण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख के ऊपर लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की।डीएम ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि इस माह में जिन परियोजनाओं का कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण करना था, कार्य पूर्ण करने में कार्यदायी संस्था द्वारा जो शिथिलिता एवं उदासीनता बरती गयी है उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया निमार्णाधीन आई0टी0आई0 के भवनो दिसम्बर माह तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाये। जनपद में जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सेतुओं का निर्माण कार्य जो चल रहा है उसे निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा सम्बन्धी परियोजनाओं के सम्बन्ध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विश्वनाथगंज में


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

ट्रांसमिशन सब स्टेशन का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है जिसके सापेक्ष 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। विधानसभा क्षेत्र रानीगंज में मिनी स्टेडियम के निर्माण का कार्य कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जो प्रगति पर है। विधानसभा क्षेत्र पट्टी में पॉलीटेकनिक की स्थापना में सम्बन्ध में बताया गया कि कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0 एस0 यूनिट-10 प्रयागराज द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसमें नीव की खुदाई का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि शत प्रतिशत प्राप्त हो गयी हो उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अन्तर्गत कार्यदायी संस्थायें पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य पूर्ण हेतु कार्यदायी संस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा निर्धारण कर दिया जाये जिसके अन्तर्गत वे कार्य को पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि जिन परियोजनाओं में अब तक धनराशि की प्रथम किस्त प्राप्त हो चुकी है और स्थल पर किसी भी समस्या या विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है उस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तहसील के उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उस कार्यस्थल पर जो भी विवाद व समस्या हो उसका तत्काल निराकरण कराकर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार निमार्णाधीन कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा के अन्दर पूर्ण किये जाये। निमार्णाधीन परियोजनाओं के अन्तर्गत जो भी कार्य कराये जा रहे है उसके कार्य की गुणवत्ता व मानक की निगरानी वह समय-समय पर स्वयं करें व जांच टीम बनाकर भी उसकी गुणवत्ता की जांच करने के पश्चात ही उनके भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें और जिन कार्यो को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिये तत्काल प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाये जिससे कि जो कार्य बजट के अभाव में बाधित है उस कार्य को समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थति रहे।

## बोलेरो की टक्कर से अधेड़ की मौत, गांव में कोहराम

**प्रतापगढ़।** बाजार से गांव जा रहे अधेड़ को तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। इलाज के लिए एसआरएन ले जा रहे चुटहिल की रास्ते मे मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर बोलेरो चालक के खिलाफ मंगलवार को गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के चमरूपुर शुक्लान का रामसेवक मौर्य 57 बीती सोमवार की शाम साहबगंज बाजार से बाइक से घर जा रहा था। लीलापुर पुलिस चैकी के सुखपतिराम इण्टर कालेज के समीप पीछे से आ रही तीव्र गति की बोलेरो ने उसे टक्कर मार दिया। बोलेरो मृतक को सत्तर मीटर घसीटते ले गयी। आसपास के लोग ने जब चीखपुकार मचाई तो बोलेरो के चालक ने वाहन रोका। सरकारी एम्बुलेंस से घायल को परिजन जिला अस्पताल ले गये। वहां हालत गंभीर होने पर उसे एसआरएन रेफर कर दिया गया। देर रात रास्ते मे ही घायल ने दम तोड दिया। इधर ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन को पुलिस के कब्जे मे दे दिया। मंगलवार को कोतवाली मे मृतक के पुत्र विवेक कुमार मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर चैकी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। रामसेवक की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक गुरूवार को घर मे मृतक के भाई की बेटी की बारात आने वाली है। ऐसे मे घर परिवार मे खुशी का माहौल गम मे बदल गया है।

### गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे शिक्षक की पत्नी की मौत को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के पदनाथपुर लक्ष्मणपुर के रमेश सिंह बीती बाइस नवंबर को रात्रि लालगंज से पत्नी के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। लालगंज बाबूगंज मार्ग के शिवबक्श का पुरवा भदारी के पास एक चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन के नीचे दबने से जहां शिक्षक की पत्नी साधना सिंह की मौत हो गयी। वहीं शिक्षक रमेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल शिक्षक का इलाज अभी भी एसआरएन प्रयागराज मे जारी है।

### बाइक बेकाबू होने पर गड्ढे में पलटा फेरीवाला

**प्रतापगढ़।** बेकाबू बाइक सवार फेरीवाला सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। राहगीरों ने उसे निकालकर सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।फिरोजाबाद जनपद के रामकरण रामपुर निवासी कल्याण (35) बाघराय बाजार में किराए का कमरा लेकर रहता है। वह बाइक से गांव-गांव फेरीकर कपड़ा बेचता है। सोमवार देर रात बाइक से कमरे पर लौटते समय सीएचसी के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो उसे बाहर निकाला।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**कंधई।** थाना क्षेत्र के सरायभवानी निवासी अशोक पांडेय (40) मंगलवार को साइकिल से उड़ैयाडीह बाजार गया था। इस दौरान उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह साइकिल समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया।

## लोकापुर मधुपुर मार्ग जर्जर होने से आवागमन बाधित

**कटरा गुलाब सिंह।** मांधाता विकासखंड के अंतर्गत लोकापुर से मधुपुर संपर्क मार्ग मरम्मत के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इससे क्षेत्र के कई गांव के लोगों का आवागमन बाधित है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी लोगों की समस्या को बराबर नजरअंदाज करते आ रहे हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा लोक निर्माण विभाग पांच किलोमीटर लंबे इस संपर्क मार्ग को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। गांव के कुछ जागरूक लोग ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की उदासीनता के कारण सड़क को लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराने के लिए प्रयास किये, किंतु विभाग के निष्क्रिय अधिकारी अनुमति देने से इनकार कर दिये। आरईएस की खस्ताहाल सड़कों को हस्तांतरित कराने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने भी विभाग को पत्र लिखा था, किंतु विभाग अपनी सड़कों का न तो मरम्मत करा रहा है और न ही विभाग के हठधर्मी अधिकारी एनओसी देने को राजी हैं । ऐसे में ग्रामीणों की आवागमन की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। आर ईएस की सड़कों का स्वामित्व जिला पंचायत के पास होने के बावजूद सड़कों के रखरखाव के प्रति विभाग की लापरवाही से आम आदमी को समस्या से जूझना पड़ रहा है। गांव के श्याम सुंदर यादव, राम अभिलाष पांडे, लालता प्रसाद पांडे ,आलोक कुमार ,विकास पांडे ,रामकृपाल, राम सजीवन, राजेंद्र कुमार, जीतलाल ,तीर्थराज शुक्ला, पवन कुमार पाल, मयाराम वर्मा एवं राजेश चंद्र सहित कई ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत शीघ्र कराने के लिए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का अफीम कोठी के सभागार में हुआ समापन

**प्रतापगढ़।** तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन आज अफीम कोठी के सभागार में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हमें यातायात के नियमों को पूर्ण रूप से अपने जीवन में लागू करके उसी के अनुसार वाहनों का संचालन करना चाहिये, जब हम नियमों का पालन करेगें तो हम सुरक्षित रहेगें और दूसरों को भी सुरक्षित रख पायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के लिये हम सब जिम्मेदार है, तेज गति से वाहन चलाते है तथा साथ ही साथ हम यातायात के



समापन अवसर पर हुआ कार्यक्रम।

नियमों का पालन नहीं करते है जिससे कि तमाम दुर्घटनायें देखने को मिलती है और इसको रोकने के लिये हमें बताये गये यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमें वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिये, साथ ही साथ दो पहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर बेल्ट जरूर बांधना चाहिये। हम सब यातायात के नियमों के बारे में पूर्ण रूप से जानकार है लेकिन उसे अपने जीवन में लागू नही करते है जिस दिन हम यातायात के सभी नियमों को अच्छी तरह से अपने जीवन में लागू करेगें तो दुर्घटनाओं से बच सकते है और दूसरों को भी बचा सकते है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, आरटीओ सुशील कुमार ने भी सड़क सुरक्षा सप्ताह के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियॉ दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ भी लोगों को दिलाई। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता में लखनऊ में सम्मिलित एवं 52 हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित कुमारी रिशता सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया जिसकी काफी प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम में कठपुतली के नृत्य एवं गीत के माध्यम से हरी प्रसाद श्रीवास्तव एवं टीम लखनऊ ने लोगों को जागरूक किया।